<u>समाचार</u>

# <u>महापौर, नगर विधायक ने की मॉ काली की पूजा अर्चना</u>
## <u>(नगर के अमन चैन व आमजन की सुख–समृद्धि की कामना की)</u>



कोरबा 08 अप्रैल 2016 –चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन आज महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने एस.ई.सी.एल. कोरबा कालीबड़ी स्थित मॉ काली मंदिर में पहुंचकर मॉ काली जी की पूजा अर्चना की तथा नगर के अमनचैन व आमनागरिकों की सुख–समृद्धि की कामना मॉ जगतजननी से की। इस अवसर पर महापौर एवं नगर विधायक ने दीप ज्योति कलश की पूजा अर्चना कर दीप ज्योति प्रज्वलित की। इस मौके पर समाजसेविका मंगल बुधिया सहित अन्य श्रद्धालुगण उपस्थित थे।